## विश्व आदिवासी दिवस : सुविधा संसाधनों से समृद्ध होते जिले के अनुसूचित क्षेत्र

# सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य व सुपोषण, रोजगार, जल संरक्षण और वृक्षारोपण को लेकर हो रहे व्यापक कार्य

- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में शासन-प्रशासन की योजनाओं का हो रहा प्रभावी क्रियान्वयन
- 3 नई राजस्व इकाइयों से प्रशासनिक पहुंच हुई सुलभ





**रायगढ़ ।** रायगढ़ जिले में अनुसूचित जनजाति जनसंख्या बड़े पैमाने में निवास करती है। रायगढ़ जिले के 5 विकासखंड अनुसूचित ब्लॉक में शामिल है। राज्य शासन की योजनाओं के साथ प्रशासनिक प्रयासों से इन क्षेत्रों में आदिवासी संस्कृति के संरक्षण तथा उसे बढ़ावा देने, वन अधिकार पट्टा वितरण के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, जल और पर्यावरण संरक्षण व रोजगार संवर्धन के क्षेत्र में विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। 3 नई राजस्व इकाइयों के गठन से दूरस्थ क्षेत्रों तक प्रशासनिक पहुंच सुलभ हुई है। शासन-प्रशासन के इन प्रयासों से जिले के अनुसूचित क्षेत्र सुविधा और संसाधनों से समृद्ध हो रहे हैं।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में अनुसूचित क्षेत्रों में अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, बच्चों एवं महिलाओं के सुपोषण, केलो नदी के संरक्षण व तालाबों के माध्यम से प्राकृतिक जल के संचयन जैसे कदमों के साथ पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण के साथ करियर मार्गदर्शन के लिए मितान केंद्रों की स्थापना जैसे कार्य किए जा रहे है। जिसका लाभ यहां निवासरत लोगों को मिल रहा है।

**सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का अभियान -** आदिवासी संस्कृति का प्रमुख अंग उनके नृत्य व संगीत होता है। उनके इस विशिष्ट संस्कृति को बचाये रखने के लिए गांवों की सांस्कृतिक दलों को आवश्यक सामग्री की व्यवस्था हेतु 10 हजार रुपये तक की राशि दी जाती है। पिछले चार वर्षों में 156 दलों को 15 लाख 60 हजार रुपये दिए गए। इसी प्रकार मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र के ग्रामों में स्थानीय उत्सवों व त्यौहारों के साथ सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए 10 हजार रुपये की राशि दिए जाने का प्रावधान है। अनुसूचित क्षेत्रों के 377 ग्राम पंचायत को प्रथम किश्त के रूप में 18 लाख 85 हजार रुपये की राशि दी गई है। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्रामों में पारा, मजरा, टोलों में देवस्थल के विकास हेतु राशि स्वीकृत की जाती है। इसके अंतर्गत अब तक 75 देवगुड़ी हेतु 85 लाख 50 हजार की राशि स्वीकृत की गई है।

**वन अधिकार पत्रों से मिलता भूमि स्वामित्व का लाभ -** जिले में अब तक 12 हजार 877 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र वितरित किया गया है, जिसका क्षेत्रफल 7 हजार 634 हेक्टेयर है। इसी प्रकार 47 हजार 730 हेक्टेयर के 4 हजार 88 सामुदायिक वन अधिकार पत्र तथा 01 लाख 32 हजार 629 हेक्टेयर के 248 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र वितरित किए गए है। जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर को 240 के साथ 303 पंडो, 475 पहाड़ी कोरवाओं को वन अधिकार पत्र वितरित किए गए है।

**दूरस्थ इलाकों में सुदृढ़ होती स्वास्थ्य सुविधाएं, डॉक्टरों की पदस्थापना ने इलाज किया सुलभ-** रायगढ़ की दूरस्थ अंचलों में चिकित्सा सुविधाओं की सुलभता एक प्रमुख लक्ष्य रहा है। कलेक्टर सिन्हा के विशेष पहल पर धरमजयगढ़, लैलूंगा, घरघोड़ा और तमनार के स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की पदस्थापना के साथ स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। जिससे हेल्थ सुविधाओं को मजबूती मिली है। धरमजयगढ़ में गर्भवती महिलाओं के लिए अलग से वार्ड बनाया गया है। जहां प्रसव से एक से दो हफ्ते पहले महिलाओं को रखा जाता है तथा उनकी देखभाल की जाती है। इससे यहां सुरक्षित व संस्थागत प्रसव करवाया जा रहा है। महिलाओं की डिलीवरी के साथ रूटीन जांच की सुविधा जिले के इन सुदूर इलाकों में रह रहे लोगों को स्थानीय स्तर पर ही मिल रही है। शासन की हाट-बाजार क्लिनिक योजना से गांव-गांव तक स्वास्थ्य सुविधाएं सीधे पहुंच रही हैं।

**मितान केंद्रों से दिखी राह, रोजगार मेलों से मिल रही मंजिल-** दूरस्थ इलाकों में करियर बिल्डिंग के लिए सही मार्गदर्शन मिलना एक बड़ी चुनौती होती है। इसे समझते हुए ब्लॉक मुख्यालयों में मितान केन्द्र शुरू किए गए हैं। कलेक्टर सिन्हा के मार्गदर्शन में यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग, किताबें, मैगजीन के साथ इंटरनेट सुविधा सहित कंप्यूटर रखे गए हैं। इंडोर गेम्स की सुविधा भी यहां उपलब्ध है। ऐसे मितान केंद्र जिले के सभी विकासखंड मुख्यालय में खोले गए हैं। जहां से आदिवासी अंचल के युवाओं को कैरियर बिल्डिंग की राह मिल रही है, वहीं जिले में लगे रोजगार मेलों से स्थानीय स्तर पर युवाओं को जॉब मिल रही है। तमनार में जिले का सबसे बड़ा रोजगार मेला लगाया गया। जहां एक दिन में ही 700 से अधिक युवाओं को यहां जॉब ऑफर मिला था।

**पोषण स्तर सुधारने पर भी है विशेष जोर-** बच्चों एवं महिलाओं के पोषण स्तर को सुधारने के लिए विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है। जिले में विभाग द्वारा संचालित एनआरसी केंद्रों के साथ स्थानीय संसाधनों से भी अतिरिक्त एनआरसी केंद्र खोले गए हैं। जिससे अधिक से अधिक कुपोषित बच्चों को इन केंद्रों का लाभ मिले। तमनार एवं कापू के स्वास्थ्य केंद्रों में नवीन एनआरसी केंद्र का बीते माह शुभारंभ किया गया।

**स्कूलों के इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधारने के साथ शिक्षकों की हो रही व्यवस्था, आत्मानंद स्कूलों से मिल रहा बेहतर माहौल-** दूरस्थ अंचलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार संसाधनों के इंतजाम के साथ मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर सिन्हा के मार्गदर्शन में स्कूलों के जर्जर भवन के मरम्मत के लिए कार्ययोजना बनाया गया जिससे पूरे प्रदेश में सर्वाधिक 130 करोड़ रुपए की राशि से जिले के स्कूल भवनों को संवारा जा रहा है। जिसमें बड़े पैमाने पर सुदूर क्षेत्रों के स्कूल भी शामिल हैं। इसके साथ ही स्वामी आत्मानंद स्कूलों के माध्यम से अंग्रेजी और हिंदी माध्यम में पढ़ाई का बेहतर माहौल इन इलाकों में मिल रहा है। सीएसआर से इन स्कूलों के मरम्मत के लिए 15 करोड़ से अधिक की राशि दी गई है। दूरस्थ अंचलों में शिक्षकों की व्यवस्था पर भी विशेष रूप से फोकस किया गया। धरमजयगढ़ और लैलूंगा सहित अन्य ब्लॉक में करीब 360 शिक्षकों को एकल और शिक्षक विहीन स्कूलों में कार्य करने के लिए आदेशित किया गया है।

**जल संवर्धन और पर्यावरण संरक्षण की मुहिम-** आदिवासी अंचलों में जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन की दिशा में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल कर व्यापक मुहिम चल रही है। रायगढ़ की मुख्य नदी केलो के उद्गम लैलूंगा के पहाड़ लुडेग से लेकर नदी मार्ग में नदी के संरक्षण पर विशेष रूप से कार्य चल रहा है। प्राकृतिक जल के संरक्षण को लेकर जिले के करीब 200 तालाबों के गहरीकरण का कार्य किया गया है, जो अब बारिश में लबालब भर रहे हैं। जिनमें बड़ी संख्या में तालाब आदिवासी इलाकों में खुदवाए गए हैं। विभागीय योजनाओं के साथ कलेक्टर सिन्हा ने उद्योगों को सामाजिक दायित्व के तहत साथ जोड़ा है। इसी प्रकार वृहत स्तर पर वृक्षारोपण अभियान भी इस मानसून चलाया जा रहा है। जन सहभागिता के तहत लोगों को इसमें जोड़ा जा रहा है। इसमें 1 हजार एकड़ में 5 लाख पेड़ लगाने का कार्य किया जा रहा है। तमनार के मौहापाली में हरेली तिहार के दिन जनसहयोग से 17 एकड़ में वृहत वृक्षारोपण किया गया।

**3 नई राजस्व इकाइयों से सुदूर इलाकों में प्रशासनिक पहुंच हुई सुलभ-** आम जन तक प्रशासन की पहुंच सुलभ करने के लिए राज्य शासन द्वारा नई प्रशासनिक इकाइयों के रूप नवीन तहसीलों का गठन किया गया है। धरमजयगढ़ से अलग होकर छाल और कापु तथा लैलूंगा से पृथक होकर मुकडेगा तहसील बनाया गया है। इससे तहसील से जुड़े कार्यों के लिए लोगों ज्यादा दूर नहीं जाना पड़ता है।

## पुलिस महानिरीक्षक ने की रायगढ़, जशपुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़ और सक्ती जिलों के कार्यों की समीक्षा

- कार्यप्रणाली में सुधार लाने तथा महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों को संवेदनशीलता से त्वरित निराकरण के दिए निर्देश



**रायगढ़।** दिनांक 08.08.2023 को डॉ० आनंद छाबड़ा, पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर द्वारा रेंज अंतर्गत जिला रायगढ़, जशपुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़ और सक्ती के पुलिस अधीक्षकों की बैठक ली गई, जिसमें आगामी दिनों में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर जिलों में होने वाले व्ही.व्ही.आई.पी./व्ही.आई.पी. के प्रवास के दौरान सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने सहित जिले में लंबित महिला व बच्चों संबंधी लंबित अपराधों, लघु अधिनियम व प्रतिबंधक कार्यवाही, समंस-वारंट की तामीली, निगरानी और गुण्डा-बदमाश आदि विषयों की समीक्षा की गई तथा महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये गये।

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा जिलों में की गई लघु अधिनियम व प्रतिबंधक कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए अवैध शराब, जुआ-सट्टा एवं मादक पदार्थों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु सख्त कार्यवाही किये जाने सहित लंबित गैर जमानती और स्थायी वारंटों की तामीली अभियान चलाकर किये जाने निर्देशित किया गया। जिलों में समंस/वारंट की शत-प्रतिशत तामीली सुनिश्चित कराने, आदतन अपराधियों तथा असामाजिक तत्वों को चिन्हांकित कर उन पर प्रभावी कार्यवाही किये जाने एवं उनकी गतिविधियों पर नजर रखे जाने पेट्रोलिंग व्यवस्था में कसावट लाने तथा प्रशिक्षण एवं ड्रील के माध्यम से पुलिसकर्मियों के मनोबल एवं प्रो-एक्टिवनेस में बढोत्तरी लाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिये गये।

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा थानों की कार्यप्रणाली में सुधार लाने तथा पुलिस का मानवीय चेहरा आमजनों के मध्य सशक्त करने की दिशा में विजिबल पुलिसिंग के तहत पुलिस की क्षेत्र में प्रभावी उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा आम जनजीवन को प्रभावित करने वाले तत्वों पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही किये जाने निर्देशित किया गया। महिला, बच्चों एवं कमजोर वर्ग के मामलों को गंभीरता से लेकर त्वरित कार्यवाही किये जाने तथा आम जनता की रिपोर्ट और शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही किये जाने सहित लंबित अपराधों की समीक्षा की जाकर समयबद्ध निराकरण किये जाने बीट व्यवस्था को सशक्त करने पुलिस का रिस्पांस टाईम और अभियोजन दर में सुधार लाने निर्देशित किया गया।

आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने हेतु सीमावर्ती जिलों के साथ-साथ सीमा से लगे दीगर राज्य के जिलों के साथ भी अपराधियों व असामाजिक तत्वों की जानकारी साझा करते हुए आपसी समन्वय कर कार्यवाहियां करते हुए अवैधानिक कार्यों पर अंकुश लगाये जाने निर्देशित किया गया। साथ ही अंतर्राज्यीय बार्डर पर तथा सीमावर्ती जिलों के बार्डर पर चौकसी बढ़ाने एवं चेक पोस्ट व्यवस्था सुदृढ करने निर्देशित किया गया।

बैठक में उप पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग, रायगढ़ रेंज, रायगढ़, उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डी. रविशंकर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार, आशुतोष सिंह, पुलिस अधीक्षक सारंगढ़-बिलाईगढ़, एम.आर. आहिरे, पुलिस अधीक्षक सक्ती उपस्थित रहे।

## होटल मैनेजमेंट से संबंधित कोर्स में निशुल्क प्रवेश हेतु वाक इन इंटरव्यू 12 अगस्त को




**रायगढ़।** स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलाजी एण्ड अप्लाइड न्यूट्रीशन, रायपुर में होटल मैनेजमेंट से संबंधित कोर्स होटल मैनेजमेंट में डिग्री कोर्स-बीएससी (हॉस्पिटलिटी एवं होटल एडमिनिस्ट्रेशन), डिप्लोमा कोर्स-डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन, डिप्लोमा इन फूड एंड बेवरेज सर्विस तथा डिप्लोमा इन हाउसकीपिंग आपरेशन का संचालन, छ.ग. शासन द्वारा किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए उक्त डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्स में जिले के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों से संबंधित प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक 12 अगस्त 2023 दिन शनिवार को समय प्रात: 11 बजे स्थान- जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ वाक् इन इंटरव्यू के माध्यम से चयन हेतु उपस्थित हो सकते है। चूंकि प्रवेश हेतु सीटों की संख्या सीमित है अत: अधिक आवेदन होने पर मेरिट के आधार पर प्रवेश हेतु चयन किया जाएगा। डिग्री, डिप्लोमा कोर्स की अवधि पूर्ण करने हेतु आवेदकों के शिक्षण शुल्क, छात्रावास तथा मेस शुल्क जिला प्रशासन द्वारा वहन किया जाएगा।

बीएससी (हॉस्पिटलिटी एवं होटल एडमिनिस्ट्रेशन)में रिक्त संख्या-1 कोर्स की अवधि 3 वर्ष, न्यूनतम योग्यता 12 वीं उत्तीर्ण, डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन में रिक्त संख्या 1, कोर्स की अवधि 18 महीने न्यूनतम योग्यता 12 वीं उत्तीर्ण, डिप्लोमा इन फूड एंड बेवरेज सर्विस रिक्त संख्या 1 कोर्स की अवधि 18 महीने न्यूनतम योग्यता 12 वीं उत्तीर्ण, तथा डिप्लोमा इन हाउस कीपिंग आपरेशन में रिक्त संख्या 2 कोर्स की अवधि 18 महीने न्यूनतम योग्यता 12 वीं उत्तीर्ण है। विस्तृत जानकारी, जिले के खनन प्रभावित क्षेत्र की सूची तथा आवेदन फार्म हेतु जिले की वेबसाइट www.raigarh.gov.in एवं सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण कार्यालय रायगढ़ से जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

## सारंगढ़ में संपन्न हुआ मतदाता जागरूकता दौड़ : दौड़ में गूंजा ''सारंगढ़ बिलाईगढ़, सब्बो जाबो वोट देहे बर''



**सारंगढ़.बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में मंगलवार को सुबह 8 बजे सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान से अशोका पब्लिक स्कूल तक मतदाता जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में सरंगढ़ के कई स्कूलों के स्कूली बच्चे, शासकीय एवं निजी कॉलेज एवं सारबिला कोचिंग के छात्र-छात्राएं, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। मतदाता जागरूकता दौड़ खेलभांठा से कलेक्टोरेट भवन के सामने से होते हुए भारत माता चौक, बस स्टैंड, जनपद पंचायत कार्यालय होते हुए अशोका पब्लिक स्कूल तक मतदाता जागरूकता का धुन, नारा, गीत आदि के माध्यम से सड़क में गुजरने वाले लोगों, स्थानीय नागरिकों को मतदान के लिए जागरूकता का संदेश देते हुए दौड़ आयोजित हुई। वाहन से मतदाता गीत और ''परदेश नई जाव जी, बोट देहे बर आव जी, सारंगढ़ बिलाईगढ़, सब्बो जाबो वोट देहे बर, पान-पालगी की धरा, चला संगी बोट देहे बर चला'' का लाउडस्पीकर से प्रचार-प्रसार लगातार किया गया। इस दौड़ में कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी, एडीजे निहारिका सैनी और अन्य न्यायाधीश, अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसडीएम मोनिका वर्मा, एएसपी महेश्वर नाग सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। पुरूष वर्ग ओपन दौड़ में प्रथम स्थान पर किशन लाल कोसरियाए द्वितीय स्थान पर अजय मनहर एवं तृतीय स्थान पर इन्द्रजीत ने जीत हासिल की। पुरूष वर्ग स्कूल से तीनों स्थान सेंट थामस स्कूल सारंगढ़ के छात्रों ने जीत हासिल की, जिनमें प्रथम स्थान पर सेमोन लकड़ा, द्वितीय स्थान पर रोशन कौशिक, तृतीय स्थान पर जयप्रकाश रहे।

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश जांजगीर चांपा में भर्ती हेतु 17 तक आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश जांजगीर चांपा में स्टेनोग्राफर ;हिंदी और अंग्रेजी, सहायक ग्रेड 3 के समकक्ष पद (सेल अमीन, सहायक प्रतिलिपिकार, आदेशिका लेखक, साक्ष्य लेखक, सहायक अभिलेखापाल) और आकस्मिकता निधि के कर्मचारी (स्वीपर, चौकीदार, वाटरमेन) वाहन चालक और कोर्ट मैनेजर के अमला में स्टेनोग्राफर, लिपिक और चपरासी की संविदा भर्ती हेतु कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश जांजगीर चांपा (छत्तीसगढ़) 495668 के पते पर रजिस्टर्ड पोस्ट, स्पीड पोस्ट, कोरियर से अंतिम तिथि 17 अगस्त 2023 की शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित हैं। कार्यालय में अन्य किसी माध्यम से प्रेषित और व्यक्तिगत रूप से आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## जिले में 684.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 8 अगस्त तक 684.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 1.8 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 615.4 मिली मीटर, पुसौर में 723.8, खरसिया में 449.7, घरघोड़ा में 566.5, तमनार में 656.6, लैलूंगा में 708, मुकडेगा में 799.6, धरमजयगढ़ में 835.6, छाल में 594 एवं कापू में 897.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## शीघ्र शुरु होगी गिरदावरी, गंभीरता से करें कार्य : कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को किया निर्देशित

- कन्या छात्रावासों का नियमित निरीक्षण के दिए निर्देश
- मवेशियों में रेडियम बेल्ट एवं टैंगिंग का करें कार्य
- डेंगू, मलेरिया एवं जलजनित बीमारियों से बचाव के संबंध में दिए निर्देश
- गड्ढे मुक्त सड़कों के लिए कलेक्टर सिन्हा ने दिए निर्देश



**रायगढ़।** आगामी दिनों से गिरदावरी का कार्य प्रारंभ हो जाएगा, इस कार्य को गंभीरता से करें। कही भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उक्त बातें आज कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने समय-सीमा की बैठक में राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा।

इस दौरान उन्होंने लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को प्रकरण के संबंध में जवाब प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। कलेक्टर सिन्हा ने जाति प्रमाण पत्र बनाने के लक्ष्य की जानकारी लेते हुए आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों में जन सामान्य की सुविधा के लिए राजस्व शिविर लगाने के निर्देश दिए। जिससे राजस्व से जुड़े कार्यों के लिए आम जन को अनावश्यक परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

कलेक्टर सिन्हा ने छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक के समय-सारणी में हुए आंशिक परिवर्तन की जानकारी देते हुए, सभी सीईओ जनपद को निर्धारित दिनों में आयोजन करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जन शिकायत, जन चौपाल, सीएम जन चौपाल में लंबित प्रकरणों की जानकारी देते हुए विभागीय अधिकारियों को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने आरईएस को नवीन तहसील कार्यालय के निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश। इसके साथ ही उन्होंने स्वामी आत्मानंद स्कूलों के शेष कार्यों एवं चक्रपथ के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने खाद बीज के संबंध में जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने बताया कि खाद की अच्छी खपत हैं, मांग अनुसार खाद की पूर्ति की जा रही हैं। कलेक्टर सिन्हा ने कृषि विभाग को अमानक खाद, कीटनाशकों की नियमित जांच करने एवं अमानक पाए जाने पर दुकान संचालकों पर कार्यवाही के निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**डेंगू, मलेरिया एवं जलजनित बीमारियों से बचाव के संबंध में जागरूक करने के दिए निर्देश-** कलेक्टर सिन्हा ने जिले में हो रही बारिश एवं जल ठहराव के मद्देनजर डेंगू, मलेरिया एवं जलजनित बीमारियों से बचाव संबंधी जागरुकता के लिए सीएमएचओ को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मच्छरों से बचाव हेतु यह आवश्यक हैं कि नगरीय निकायों में जन सामान्य को कूलर सफाई हेतु प्रोत्साहित किया करें।

**मवेशियों में रेडियम बेल्ट एवं टैगिंग का करे कार्य-** कलेक्टर सिन्हा ने सड़कों में घूम रहे मवेशियों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की। निगम आयुक्त ने बताया की नियमित कार्यवाही करते हुए समीप के गोठानों में पशुओं को स्थानांतरित किया जा रहा हैं। उप संचालक पशुपालन ने बताया की लगातार रेडियम बेल्ट, टैगिंग एवं पशुओं को गोठानों में विस्थापित करने का कार्य किया जा रहा हैं। कलेक्टर सिन्हा ने सभी जनपद सीईओ को कांजी हाउस के निरीक्षण एवं मवेशियों में रेडियम बेल्ट लगाने तथा कांजी हाउस में भेजने के निर्देश दिए। इसी प्रकार पालतू पशुओं की टैगिंग के साथ ही खुले में छोडऩे वाले पशुपालकों पर अर्थदंड लगाने एवं सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सकें। इस दौरान उन्होंने काऊ कैचर की उपलब्धता की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने इसकी नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

**कन्या छात्रावासों का नियमित करें निरीक्षण-** कलेक्टर सिन्हा ने छात्रावास में निवासरत बालिकाओं के सुविधाओं और सुरक्षा को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रावास में निवासरत बालिकाओं को किसी प्रकार की समस्या न हो सुनिश्चित किया जाए एवं जिन महिला अधिकारियों को छात्रावास निरीक्षण में ड्यूटी लगी है वे नियमित रुप से छात्रावास का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि बालिका छात्रावास में कोई भी पुरुष कर्मी नही होना चाहिए। उन्होंने एसडीएम एवं सीईओ जनपद को सुनिश्चित करने एवं स्थानांतरित कर्मी की जगह अन्य महिला कर्मी को रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को भी निरीक्षण के निर्देश दिए।

**गड्डे मुक्त हो सड़के, लगातार करें कार्य-** कलेक्टर सिन्हा ने सड़क सुरक्षा के संबंध में बैठक ली। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि जिले की सड़के गड्डे मुक्त होना चाहिए। उन्होंने विभाग को निर्देशित किया कि सड़कों के गड्ढों को युद्ध स्तर पर भरने का कार्य किया जाएं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480